pan>

Title : Construction of a foot over bridge and stoppage of trains at Siddhpur railway station in Patan Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी (पाटण): मेरे संसदीय क्षेत्र पाटण, गुजरात के अंतर्गत सिद्धपुर शहर इस जिले का सबसे बडा रेलवे स्टेशन होने के साथ एक धार्मिक महत्व का नगर भी हैं। दूर-दूर से लोग यहां श्राद्ध एवम पिंडदान हेतु यहां आते हैं। यहां रेलवे स्टेशन के पास फुट ओवरब्रिज की सुविधा न होने के कारण जनता और विशेष कर प्रवासी लोगों के लिये एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिये रेल पथ को पार करना पडता हैं, जो कि अत्यंत मुश्किल एवं जोखिमपूर्ण होता है । इस के अलावा रेलवे प्लेटफार्म पर नये शेड बनाये जाने की और सिद्धपुर रेलवे स्टेशन पर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टोपेज दिये जाने की अत्यंत आवश्यकता है । जनता का निर्वाचित प्रतिनिधि होने के कारण मैंने स्थानीय रेल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान एवं पत्र के द्वारा यह मुद्दा उपस्थित करने का बार-बार प्रयास किया है । परंतु अभी तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है । माननीय रेल मंत्री से मेरा अनुरोध है कि सिद्धपुर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज तैयार करने एवं मेल और एक्सप्रेस ट्रेन स्टोपेज हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये ।